दैनिक जागरण

28.09.2018

सुरक्षा पर नॉलेज पार्टनर का काम करेगा आइआइटी

डिफेंस इंडस्ट्रीयल कॉरीडोर की स्थापना में भी बनेगा मददगार

निदेशक ने कहा, प्रारंभिक चरण में 15 करोड़ देगी प्रदेश सरकार

जासं, वाराणसी : भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बीएचयू) में डिफेंस इंडस्ट्रीयल कॉरीडोर की स्थापना की प्रक्रिया गुरुवार को शुरू की गई। इस कॉरीडोर को नॉलेज पार्टनर के रूप में आइआइटी को प्रदेश सरकार 15 करोड़ राशि देगी। ताकि देश की सुरक्षा पर भी आइआइटी कुछ काम कर सके।

यह प्रस्ताव निदेशक प्रो. पीके जैन ने बीते मंगलवार को लखनऊ स्थित शास्त्री भवन में प्रस्तुत किया था। उन्होंने मुख्यमंत्री को पांच प्रमुख बिंदुओं मसलन स्मार्ट और सेंसर मैटेरियल्स, नवीन पद्धतियों और तकनीकियों, सुरक्षा व खतरों की जांच और रक्षा वास्तु कला, मशीनिंग इंजीनियरिंग पर प्रमुख रूप से जानकारी दी थी। बताया कि इस परियोजना में आइआइटी कानपुर भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके लिए अलीगढ़, आगरा, झांसी, चित्रकूट, कानपुर और जालौन में लगभग 5125 हेक्टेयर भूमि चिन्हित कर ली गई है। प्रो. जैन ने बताया कि संस्थान डिफेंस इंडस्ट्रीयल कॉरीडोर के लिए उत्कृष्टता का केंद्र बने इसके लिए डीआरडीओ, ऑर्डिनेंस फैक्टरी का भी सहयोग लेगा।

अब रात में भी हॉकी खेल सकेंगे आइआइटी छात्र

जागरण संवाददाता, वाराणसी : भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बीएचयू) के विद्यार्थी अब रात में भी हॉकी मैच खेल सकेंगे। अब डे-नाइट मैच खेलना भी आसान हो जाएगा। इसके लिए गुरुवार की शाम को संस्थान के जिमखाना ग्राउंड में आधुनिक लाइट सिस्टम का उद्घाटन किया गया। हॉकी ग्राउंड पर लाइट लगने के साथ ही खिलाड़ी सूरज ढलने के बाद भी अभ्यास कर सकेंगे और इससे आइआइटी बीएचयू कैंपस में राष्ट्रीय खेल हॉकी को और बढ़ावा मिलेगा। पहले दिन पौधरोपण के बाद संस्थान की टीमों ने फ्रेंडली मैच भी खेला।

इससे पहले शाम तक क्लासेस होने के कारण और लाइट्स न होने की वजह से खिलाड़ियों को खेल के अभ्यास के लिए बहुत कम समय मिल पा.. था। इसी को ध्यान में रखते हुए इस कार्य को पूरा कराया गया। यह सुविधा गेम्स एंड स्पोर्ट्स काउंसिल, एलुमनी एवं डीन प्रो. बीएन राय की पहल पर शुरू की गई। इसका उद्घाटन निदेशक प्रो. पीके जैन ने किया। निदेशक व डीन ने सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और खेल एवं पढ़ाई के बीच एक संतुलन बनाकर आगे बढ़ने की सलाह दी। प्रो. एएसके सिन्हा, प्रो. आरएस सिंह भी मौजूद थे।